उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन

लखनऊ में धरना देते हुए उपजा अध्यक्ष रतन कुमार दीक्षित,महामंत्री सर्वेश कुमार सिंह, एनयूजे कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद गोस्वामी

पत्रकारों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार हस्तक्षेप करे

पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने की मांग को लेकर उ.प्र.जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) ने राज्यव्यापी धरने का आयोजन किया। राज्य मुख्यालय समेत जनपदों मे उपजा की इकाइयों ने धरना दिया। राजधानी में झूलेलाल पार्क में धरना दिया गया। धरने का नेतृत्व उपजा के प्रदेश अध्यक्ष रतन कुमार दीक्षित ने किया। धरने के बाद जिला प्रशासन के माध्यम से मांग पत्र राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया।

नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स (इण्डिया) के आह्वान पर उपजा ने धरने का आयोजन किया। एनयूजे ने सभी राज्य इकाइयों से मुख्यालयों पर धरना देने का आह्वान किया था। धरने को सम्बोधित करते हुए एनयूजे के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पी.के. राय ने कहा कि आज देश में पत्रकारों के लिए अत्यन्त विषम परिस्थितियां हो गई हैं। पत्रकारों की सुरक्षा खतरे में है, इसलिए भारत सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए तथा ऐसा कड़ा कानून बनाया जाए जिससे पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यह जिम्मेदारी सरकार की है कि वह ऐसी स्थिति पैदा करे जिसमें प्रेस स्वतंत्र रूप से कार्य कर सके।

उपजा के प्रदेश अध्यक्ष रतन कुमार दीक्षित ने कहा कि पत्रकारों पर आक्रमण की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ताजा घटना मुंबई में मिड डे के खोजी पत्रकार जे.डे. की हत्या की है। उनकी हत्या सच को उजागर करने के कारण कर दी गई। इसी तरह पूर्व में भी कई पत्रकारों को अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जान गंवानी पड़ती रही है। श्री दीक्षित ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों को पत्रकारों की सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए अलग से कानून बनाये जाने की आवश्यकता है।

धरने को उपजा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीर विक्रम बहादुर मिश्र, पी.बी. वर्मा, एनयूजे की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य प्रमोद गोस्वामी, जर्नलिस्ट्स वेलफेयर सोसाइटी के सचिव शिवशंकर गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, महामंत्री सर्वेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र अवस्थी, प्रदेश मंत्री सुभाष सिंह, लखनऊ जर्नलिस्ट्स एसोसएिशन के अध्यक्ष अशोक मिश्र, महामंत्री भारत सिंह, श्रीधर अनिहोत्री ने भी सम्बोधित किया। धरने पर राजधानी के बड़ी संख्या में पत्रकार एवं छायाकार बैठे। धरने के उपरान्त एक मांग पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग की गई है। उपजा की जिला इकाइयों ने भी आज मुख्यालयों पर धरना दिया। मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, वाराणसी, फैजाबाद, रायबरेली आदि जनपदों में भी धरने का आयोजन किया गया।